tion works stopped at Poonjar on the Ernakulam-Teekoy-Peermade National Highway;

(b) if so, when the work will start; and

(c) when it is likely to be completed?

The Minister of Transport and Shipping (Dr. V. K. R. V. Rao): (a) to (c). The road connecting Teekoy-Peermade in Kerala State is a State Road and is not a National Highway. Information on the points is being collected and will be laid on the Table of the House in due course.

जयन्ती शिपिंग कम्पनी

872. **श्री मृत्युंजय प्रसाद :** क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जयन्ती शिपिंग कम्पनी लिमिटेड में डा० धर्म तेजा श्रीमती तेजा और डा० धर्म तेजा के अन्य निकट संबंधियों के कितने मूल्य के और किस प्रकार के शेयर हैं;

(ख) डा० धर्म तेजा और उसके संबंधियों ने कितने शेयरों की राशि का भुगतान नकदी में किया था और कितने मूल्य तथा किस प्रकार के शेयर उन्हें उनकी सेवाओं के बदले में मुफ्त दिये गये थे;

(ग) क्या डा० धर्म तेजा को उसकी सेवाओं के बदले में प्रवर्तक (प्रमोटर्स) शेयर मुफ्त में दिये जाने के बारे में सरकार की अनुमति ली गई थी : और

(घ) डा० धर्म तेजा को प्रति मास कितना वेतन तथा भत्ते दिये जाते थे तथा अन्य क्या क्या सुविधायें निःशुल्क दी जाती थी ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) जयंती शिपिंग कंपनी के शेयर एक ही किस्म के हैं अर्थात् प्रत्येक 100 रु० प्रत्यक्ष मूल्य (फेस वैल्यू) के इक्विटी शेयर डा० तेजा और उसके निकट के संबंधियों के नाम के शेयरों का मूल्य जैसा कि कंपनी के रिकार्ड को देखकर निश्चित किया गया है इस प्रकार है :—

प्रत्येक 100 रु० के इक्वटी	शेयरों की संख्या	शेयरों का कुल प्रत्यक्ष मूल्य
1 डा० जे० डी० तेजा	212472	21247200 रु०
2 श्रीमती रनजीत तेजा	कुछ नहीं	कुछ नहीं
3 श्री जी० नारायण (डा० तेजा का भतीजा)	3	300 रु०
4. श्री जे० एम० गोसेपू (डा० तेजा का भाई)	1	100 रु०

(ख) नये प्रबन्ध के पास जो रिकार्ड है उससे यह नही पता चलता है कि डा० तेजा या उसके संबंधियों को उनकी सेवाओं के बदले में कोई शेयर प्रेषित किये गये थे।

क्या डा० तेजा और उसके संबंधियों ने उनके नाम प्रषित किये गये शेयरो के लिये नकद या किसी अन्य रूप में भुगतान किया है और किया है तो किस सीमा तक इस प्रश्न की विस्तृत जांच की जा रही है ? यह जांच इस लिये की गयी कि इस संदेह के लिये कारण है कि आवश्यक भुगतान किया गया है। फिर भी यह मामला कानूनी बातों से ग्रस्त है। संभवत: वर्तमान जांच का परिणाम लगभग तीन महीनों में ज्ञात होगा।

(ग) प्रश्न के भाग (ख) के उत्तर को दृष्टि में रखते हुये प्रश्न नहीं उठता है।

(घ) मेहनताना के रूप में डा० तेजा को वेतन, भत्ता या बिना मूल्य की कोई भी सुविधायें मंजूर नहीं कीं। परन्तु डा० तेजा के यात्रा बिल तथा होटल के बिल समय समय पर कंपनी चुकाती थी और इन बिलों की जांच की जा रही है।